# जयपुर जिला प्रशासन ने बीते 50 दिनों में 400 रास्ते खुलवाए

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों में जयपुर जिले में जारी "रास्ता खोलो" अभियान आमजन राहत के लिए दूसरा नाम बन गया है। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से महज 50 दिनों में गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े 400 रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी सुमन पंवार ने बताया कि अभियान के तहत विगत एक सप्ताह में जयपुर जिले के समस्त तहसीलों में बरसों से बंद 47 रास्ते खुलवाए गए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के लिए स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि "रास्ता खोलो" अभियान के तहत 15 नवंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 24 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 14 रास्ते, आंधी तहसील में 24 रास्ते, बस्सी तहसील में 15 रास्ते, तूंगा तहसील में 10 रास्ते खुलवाए गए। वहीं शाहपुरा तहसील में 22 रास्ते, जोबनेर तहसील में 25 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 21 रास्ते, फुलेरा तहसील में 21 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 15 रास्ते, जालसू तहसील में 14 रास्ते, चौमूं तहसील में 27 रास्ते, सांगानेर तहसील में 14 रास्ते खुलवाए गए।

सुमन पंवार ने बताया कि चाकसू तहसील में 19 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 14 रास्ते, माधोराजपुरा तहसील में 22 रास्ते, दूदू तहसील में 21 रास्ते, मौजमाबाद तहसील में 24 रास्ते एवं फागी तहसील में 42 रास्ते खुलवाए गए।



जयपुर जिला प्रशासन ने "रास्ता खोलो" अभियान के तहत बीते कई वर्षों से बंद पड़े रास्तों को खुलावाया तो लोगों ने आभार जताया।

- **विगत एक सप्ताह में तहसीलों में बरसों से बंद 47 रास्ते खुलवाए**

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

## पतंगबाजी को लेकर जिलों को एडवायजरी जारी

**जयपुर।** पशुपालन, गौपालन और डेयरी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलों के लिए विभाग की ओर से पतंगबाजी को लेकर आमजन हित तथा पक्षियों की सुरक्षा के लिए एडवायजरी जारी की है।

जिला कलक्टरों को लिखे अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि प्रदेश में मकर संक्राति पर्व पर पतंगबाजी के दौरान दोपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को जान का खतरा होने की अत्यधिक संभावना रहती है। पतंग उड़ाने के दौरान अत्यधिक धारदार, नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने मांझों एवं उन पर लोहे अथवा कांच के पाउडर की कोटिंग से आमजन एवं पशु पक्षियों को हानि पहुंचने और कई बार जनहानि होने की भी संभावना होती है। साथ ही यह मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण से बने होने के कारण विद्युत सुचालक भी हो जाता है। जिससे विद्युत तारों के संपर्क में आने पर विद्युत प्रवाह होने से पतंग उड़ाने वालों के लिए खतरनाक हो सकता है और विद्युत सप्लाई में भी बाधा उत्पन्न हो सकती है। इन्हीं संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी सामग्री से निर्मित मांझों पर तत्काल प्रतिबंधात्मक रोक लगाने की कार्यवाही किया जाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों की अनुपालना में नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने अथवा सिंथेटिक पदार्थ से लेपित चायनीज और गैर बायो डिग्रेडेबल मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और प्रतिबंध की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने ऐसे मांझे के निर्माण, भंडारण और विक्रय तथा उपयोग पर भी तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए।

# सिख समाज के नगर कीर्तन में थार गाड़ी से एक्सीडेंट करने वाले चार नाबालिग डिटेन

**जवाहर नगर में गत 2 जनवरी को सिख समाज के नगर कीर्तन में इन युवकों ने तेज रफ्तार थार गाड़ी घुसा दी थी**

- **लोगों को टक्कर मारने के बाद नाबालिग किशोर गाड़ी लेकर भाग रहे थे, लेकिन पंचवटी सर्किल पर ट्रेफिक जाम में फंस गए**
- **इस दौरान तीन नाबालिग कार छोड़कर फरार हो गए थे, लेकिन कार चालक नाबालिग को लोगों ने पकड़ लिया था और गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी थी**

**जयपुर (कासं)।** राजापार्क इलाके में 2 जनवरी की रात को सिख समाज के नगर कीर्तन में थार गाड़ी से एक्सीडेंट करने वाले चार नाबालिग किशोरों को जवाहर नगर पुलिस ने डिटेन कर वारदात में प्रयुक्त थार गाडी जब्त की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 2 जनवरी को सिख समाज द्वारा आयोजित नगर कीर्तन जो कि ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर से इलाके से होता हुआ राजापार्क में प्रवेश कर रहा था। इतने में ही एक लाल रंग की थार गाड़ी का चालक गाड़ी को तेज गति से गोविन्द मार्ग से राजा पार्क लिंक रोड पर लाया। जहां मौजूद पुलिस ने रोकने का प्रयास करने पर गाड़ी को तेज गति से भगाकर ले गया तथा राजा पार्क में प्रवेश कर गया।

जहां गली नम्बर 01 के चौराहे पर लगे पुलिस थाना आदर्श नगर के जाब्ते को टक्कर मारता हुआ सामने से आ रहे नगर कीर्तन में प्रवेश कर गया। जहां पुलिस जाब्ता ने रोकने की कोशिश की तो गाड़ी को अनियंत्रित करता हुये पुलिस जाब्ते पर चढाने की कोशिश की तथा नगर कीर्तन में घुस कर एक बच्ची व एक पुरुष को एक्सीडेंट कर घायल कर गाड़ी को दौड़ाता हुआ पंचवटी सर्किल पर ले गया। जहां यातायात जाम होने के कारण गाडी वहीं रूक गई। गाडी के रूकते ही तीन नाबालिग लड़के गाडी से उतर कर भाग गये तथा गाडी के चालक को वहीं उग्र भीड ने पकड़ लिया गया। जिस पर गाडी के नाबालिग चालक को पुलिस ने भीड से छुड़वाया और स्वयं के कब्जे में लिया। भीड ने मौके पर गाड़ी में तोडफोड कर दी थी। जिस पर घायलों को तुरन्त प्रभाव से एसएमएस अस्पताल भिजवाया गया है। मौके पर मौजूद क्षतिग्रस्त कार को ट्रैफिक पुलिस से क्रेन मंगवाई जाकर तुरंत प्रभाव से थाने में भिजवाया गया। भीड के कारण लगे जाम को समझाइश कर मौके से हटाया गया, यातायात को सुचारू करवाया गया।

## लूट की झूठी साजिश रचने वाला गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** करधनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट की झूठी साजिश रचने और खबर वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट की झूठी साजिश रचने और खबर वाले आरोपित मनोज कुमावत निवासी हाथोज कालवाड जयपुर को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हरिश सोलंकी ने बताया कि आरोपी मनोज कुमावत ने मामला दर्ज करवाया था कि वह बजरंग ज्वैलर्स चौडा रास्ता पर मोहित सोनी की दुकान पर कुन्दन जडाई का काम करता है और दुकान से पूर्व लाए गए 96 ग्राम वजन के गहनों में जडाई का काम कर उसके अपने घर से दुकान ले जा रहा था। इस दौरान कालवाड रोड पर अज्ञात लूटेरों ने उसके हाथों में ज्वलनशील कैमिकल डाल कर जडाई किए गए गहनों को छीन कर ले गए।

पुलिस ने गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया और घटनास्थल सहित अन्य जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। वहीं पुलिस को घटना के बारे को लेकर संदेह पैदा हुआ और फिर मनोज से सख्ती से पूछताछ की तो उसने वारदात को अंजाम देना कबूला। पूछताछ में आरोपी से सामने आया कि उसकी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पैसों की आवश्यकता थी। इस लिए यह झूठी साजिश रची और खबर दी है।



आरोपी मनोज कुमावत

## कार को ईंटों पर खड़ी करके टायर चुरा ले गए बदमाश

**जयपुर (कासं)।** सांगानेर सदर इलाके में शनिवार को एक क्रेटा गाड़ी के टायर खोलकर चोरी कर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

थाना प्रभारी नंदलाल ने बताया कि नवरतन शर्मा निवासी सचिवालय नगर वाटिका रोड सांगानेर सदर ने रिपोर्ट दी कि उसने शुक्रवार रात को ऑफिस से आने के बाद करीब साढ़े दस बजे अपनी क्रेटा गाड़ी को अपने मकान के सामने खड़ा कर दिया था। जब वह सुबह उठा तो गाड़ी के चारों आयर मय रिंग के गायब मिले। अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

इस रिपोर्ट के बाद जांच की तो सामने आया कि चोरों ने पहले एक गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें से जैक चोरी किया था। उसके बाद क्रेटा गाड़ी के टायर चोरी करने के लिए पहले दो ईंट रखीं और उसके ऊपर जैक लगाकर गाड़ी के चारों टायर मय रिम के चोरी कर ले गए।

# साइबर ठगों ने फर्जी पुलिसकर्मी बन बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 5 लाख रुपए ऐंठे

**जयपुर।** झोटवाड़ा इलाके में साइबर ठग फर्जी पुलिसकर्मी बनकर एक बुजुर्ग को डिजीटल अरेस्ट कर पांच लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक तारानगर निवासी 59 वर्षीय किशनसिंह चारण पुणे में एक प्राइवेट कम्पनी में काम करता है। उसके पास किसी ने पुलिसकर्मी बनकर कॉल किया और कहा कि आपने नाम से एक संदिग्ध पार्सल आया है। इसमें एमडी ड्रग्स रखा हुआ है। आप थाने आ जाओ। आरोपी ने इस मामले में गिरफ्तारी और लंबे समय तक जेल जाने का भय दिखाया। आरोपी ने पीडित को उसके नकली पासपोर्ट की भी बात कहीं। आरोपी को डरा धमका कर केस से बचाने के लिए 5 लाख रुपए मांगे गए। आरोपी ने ऑनलाइन बड़े अधिकारी से भी बात करवाई गई। आरोपियों ने पीड़ित को इस घटना के बारे में किसी को बताने से इनकार किया। पीडित ने साइबर ठगों की डिमांड पूरी करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक से ऑनलाइन पर्सनल लोन करवाया। लोन की 5 लाख रुपए की राशि पीड़ित के खाते में आते ही उसने आरोपियों के बताए तीन खातों में यह राशि ट्रांसफर कर दी। पीड़ित ने बेटे के नाम से यह लोन करवाया था। पीड़ित ने साइबर ठगों के दो खातों में 2-2 लाख और तीसरे खाते में 94 हजार रुपए जमा करवाए थे। पीडित को जब ठगी का अहसास हुआ तो थाने जाकर मामला दर्ज कराया।

## हिस्ट्रीशीटर के घर पर फायरिंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना पुलिस ने गत दिनों हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा को जान से मारने के उद्देश्य से फायरिंग करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने गत दिनों हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा को जान से मारने के उद्देश्य से फायरिंग करने वाले शातिर बदमाश कुलदीप उर्फ कालू (25) निवासी आनंदपुरी आदर्श नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी साथियों के साथ गत 29 नवंबर की मध्यरात्रि सिंधी कॉलोनी जवाहर नगर में हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा को जान से मारने के उद्देश्य से हनी टाइगर सहित आधा दर्जन साथियों के साथ फायरिंग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एक स्पेशल टीम का गठन कर 6 साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन कुलदीप तभी से फरार चल रहा था।

## उपायुक्तों ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

**जयपुर (कासं)।** ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रूकमणि रियार के निर्देश पर सभी जोन उपायुक्त और जोन ओ.आई.सी. ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्थाओं का अपने-अपने जोन में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त अशोक शर्मा ने विद्याधर नगर जोन, उपायुक्त श्याम लाल जांगिड़, ने मानसरोवर जोन, गीता कारनानी ने जगतपुरा जोन, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी रश्मि कांकरिया, सहित अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्राधिकार में सफाई व्यवस्था का दौरा किया। रात्रिकालीन सफाई रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा की जा रही है, जिसका संबंधित जोन ओ.आई.सी. और उपायुक्तों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान सभी जोन उपायुक्तों एवं जोन ओ.आई.सी. ने सफाई कर्मचारियों की हाजरी, ओपन कचरा डिपो की स्थिति, दुकानों के बाहर हरे व नीले रंग के डस्टबिन की स्थिति, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत चयनित सीटीयू पॉइंट्स की मॉनिटरिंग, स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत आने वाले सभी मापदंडों की मॉनिटरिंग, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सीएनडी वेस्ट आदि का औचक निरीक्षण किया तथा कमियां सुधारने को कहा।

# कैब चालक को बंधक बनाकर कार लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**करधनी थाना पुलिस ने वारदात का पर्दाफाश कर लूटी हुई कार जब्त की**

**जयपुर (कासं)।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कैब चालक को बंधक बनाकर कार लूटने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई कार बरामद कर ली है। गिरफ्तार बदमाशों ने एक कैब चालक को बंधक बनाया और चलती कार से चालक को फैंक कार लेकर फरार हो गए थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कैब चालक को बंधक बनाकर कार लूटने वाले राजेश कुमार यादव (34) ऐट जिला जालौन (उत्तर प्रदेश), मनोज सिंह (47)निवासी गजनेर जिला कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश) और सन्नी यादव (27) निवासी चिरगांव जिला झाँसी (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से पुलिस ने लूटी गई कार को बरामद किया है।

थानाधिकारी हरिश सौलंकी ने बताया कि कार चालक रत्तन सिंह (36) निवासी रानोली जिला सीकर ने दो जनवरी को थाने मामला दर्ज करवाया था कि वह खाटूश्याम बस स्टैण्ड पर खड़ा था। वहां तीन व्यक्ति उसे मिले जो दर्शन के लिए सालासर बालाजी और जीण माता जाने के लिए कहा। इसके बाद किराया तय होने पर दोनों जगह उनको घुमा दिया। फिर उन तीनों ने शाम को कार चालक से कहा कि जयपुर रेलवे स्टेशन तक छोड दो एक्स्ट्रा किराया दे देंगे तो सालासर से जयपुर रवाना होकर जयपुर पहुंचे। यहां से रेलवे स्टेशन नहीं जाकर ये लोग अलग-अलग गलियों में कार को चलाते रहे। जिस के बाद उसे बंधक बना कर निवारू रोड पर चलती गाड़ी से उसे पटक कर कार लूट ले गए। पुलिस ने आरोपितों ने चिन्हित करते हुए खैडली मोड जिला भरतपुर से हुए पकडा है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।



करधनी थाना पुलिस ने कैब चालक से लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

## युवक से मारपीट कर तीन लाख रुपए छीने

**जयपुर।** सदर थाना इलाके में क्रिप्टो करैंसी एक्सचेंज बेचने आए युवक से कार सवार बदमाश मारपीट कर करीब 3 लाख रुपये की नकदी व एटीएम कार्ड छीनकर ले गए।

पुलिस के अनुसार यूपी निवासी अनस रजा ने मामला दर्ज करवाया कि उसके टेलीग्राम पर एक युवक ने क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज खरीदने की इच्छा जाहिर की। इस पर युवक से उसका पता लिया गया। युवक ने उसे रेलवे स्टेशन के पास बुलाया। इस पर वह दिल्ली से क्रिप्टो कैरेंसी एक्सचेंज लेकर रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां पर युवक खड़ा मिला। युवक ने उसे एक कार में बिठा लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर उससे मारपीट की। आरोपी उससे 2.5-3 लाख रुपए और एटीएम कार्ड छीनकर ले गए। घटना 19 दिसम्बर की है। मामले की जांच एसआई निरमा पूनिया कर रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। इस मामले में जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा। बदमाश पीडित ने करीब तीन लाख रुपए और एटीएम कार्ड छीनकर ले गए।

## सार-समाचार

### वैभव का यू.पी.एस.सी. में चयन



**जयपुर।** राजधानी के युवा वैभव का संघ लोक सेवा आयोग की एलाइड सर्विस (ईपीएफओ) में इनफ़ोर्समेंट ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। उनकी ऑल इंडिया रैंक 99वीं रही। वैभव के पिता कमल किशोर बिजनेसमैन और मां स्नेहा गृहिणी है। वैभव की बड़ी बहन दीप्रिया सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट है। वैभव ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में प्राप्त की। उच्च शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त की। वैभव ने यह उपलब्धि अपने पहले प्रयास में ही प्राप्त की है। वैभव को संगीत का शौक है। वे अहुत अच्छा गिटार बजाते हैं। वैभव का लक्ष्य आईएएस बनना है। वैभव ने बताया कि उसने दिल्ली में रहकर पढ़ाई की। अपनी सफलता का श्रेय वह भगवान, माता-पिता के आशीर्वाद और कड़ी मेहनत को देते हैं।

### लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन आज लगेगी

**जयपुर।** "द गॉसिप गर्ल्स" की ओर से एक दिवसीय डिजाइनर एंड पॉप अप लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन 5 जनवरी को सुबह 11 से रात 8 बजे तक होगी। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि नीता बूचरा (पूर्व प्रेजिडेंट फिक्की फ्लो इंडिया, पूर्व संस्थापक चेयरपर्सन फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर, ऑनर नीता बूचरा ज्वेलरी) विधिवत तरीके से दीप प्रज्वलित करेंगी। यह एग्जिबिशन 22 गोदाम स्थित होटल होलीडे इन में आयोजित की जाएगी। द गॉसिप गर्ल्स की फाउंडर सलोनी मोदी और वर्तिका हरकावत ने बताया इस पॉप अप लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन में डिजाइनर आउटफिट्स, किड्स वियर, कार्ड सेट, कुर्ती, चिकनकारी सूट व लहंगा, जूतियां, कलरफुल पोटली, डिजाइनर व पशमीना शॉल, ज्वेलरी और होम डेकोर का कलेक्शन शोकेस किया जाएगा।

### स्मार्ट किड्स देंगे स्वच्छता का संदेश

**जयपुर।** शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए जयपुर के स्मार्ट किड्स रविवार को रैंप वॉक करते हुए नजर आएंगे। अनन्या सोच सेवा संस्थान की ओर से अजमेर रोड स्थित एक होटल में हेरिटेज किड्स फैशन शो का सीजन दो आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शो में जयपुर के नन्हें बाल कलाकार रैंप पर स्वच्छता का संदेश भी देंगे। आयोजन अर्चना बैराठी ने बताया कि रविवार को जयपुर स्मार्ट किड्स जयपुर स्मार्ट सिटी के सहयोग से स्वच्छता का संदेश देंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी होंगे। आमजन को स्वच्छता का संदेश देने के लिए बच्चे हेरिटेज थीम पर ड्रेस पहन कर आयेंगे और तख्ती और बेनर के जरिए दर्शकों को साफ सफाई के लिए प्रेरित भी करेंगे। इस दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए स्लोगन का प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिसमें गीला कचरा और सूखा कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने, सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने जैसे स्लोगन से जागरूक भी किया जाएगा। वहीं, आमजन को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जाएगी।

### महिला से पर्स छीन ले गए बदमाश

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के हाथ पर झपट्टा मारकर पर्स छीनकर ले गए। पर्स में नगदी व मोबाइल रखा था। पुलिस के अनुसार चित्रगुप्त नगर द्वितीय इमली फाटक निवासी वीणा दाधिच ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रही थी बीपीसीएल कार्यालय के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर पर्स छीनकर ले गए। पर्स में मोबाइल व 10 हजार रुपए रखे थे। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। इस पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# रोडी से भरा हुआ ट्रोला पलटा, नीचे दबने से बाइक सवार युवक की मौत

**आमेर इलाके में दिल्ली-हाईवे पर नई माता मंदिर के पास हुआ हादसा**

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में दिल्ली हाईवे पर ट्रोले के नीचे दबने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा नई माता मंदिर के पास हुआ। हादसे के बाद मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने रास्ता बंद कर धरना दिया।

पुलिस के अनुसार जयपुर-दिल्ली हाईवे पर रोडी से भरे ट्रोला के नीचे बाइक सवार के दबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। यहां मुआवजा देने की मांग पर धरने पर बैठ गए। हादसा शनिवार सुबह 9.15 बजे नई माता मंदिर के पास हुआ।

बताया जा रहा है कि ट्रोला यू-टर्न ले रहा था, जिसे देख पेटला की ढाणी पीली की तलाई निवासी मृतक बाबूलाल सैनी (33) साइड में खड़ा हो गया और इसी दौरान ये हादसा हो गया। मृतक बाबूलाल सैनी मजदूरी का काम करता है। वह सुबह अपने घर से जयपुर जाने के लिए निकला था। घर से तीन किलोमीटर ही एक यू-टर्न पड़ता है। रोड़ी से भरा ट्रोला जयपुर की तरफ से आ रहा था और दोबारा यू-टर्न लेकर जयपुर की तरफ मुड़ रहा था।

इस बीच बाबूलाल ने जब ट्रोले को यू-टर्न लेते देखा तो वो सड़क के किनारे एक तरफ खड़े हो गए और ट्रोला के निकलने का इंताजर करने लगे। इसी दौरान टर्न लेते समय ट्रोला पलट गया। जैसे ही रोडी से भरा ट्रोला गिरा तो तेज धमाके की आवाज आई। आवाज सुनकर लोग भागे। नीचे बाइक फंसी हुई है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

इस पर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बाबूलाल को बाहर निकाला। इस हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई लालाराम सैनी ने बताया कि इस हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने सूचना दी। इस पर परिजन करीब 9.30 बजे मौके पर पहुंचे। यहां पहुंचे तो पता चला कि उनके चचेरे भाई की मौके पर ही मौत हो गई। बाबूलाल के परिवार में मां-पत्नी और तीन बच्चे हैं। वहीं बाबूलाल के परिजन और स्थानीय लोग धरने पर बैठ गए। वे हाईवे पर जगह-जगह बने कटों को बंद करने, मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग कर रहे है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शनिवार को शिप्रापथ और प्रताप नगर थाना इलाके में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार इनके कब्जे से चोरी के छह वाहन बरामद किए हैं। शिप्रापथ में राहुल बर्मन को गिरफ्तार कर पांच दुपहिया और प्रताप नगर में कमलेश जाट को गिरफ्तार कर एक वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार राहुल बर्मन उर्फ चिंटू (22) कूच बिहार पश्चिम बंगाल हाल कच्ची बस्त ती मालवीय नगर और कमलेश जाट (23) निवाई बरौनी टोंक का रहने वाला है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि शिप्रापथ में राहुल के कब्जे से चार बाइक और एक एक्टिवा और प्रताप नगर में कमलेश के कब्जे से एक बाइक जब्त की है। कमलेश ने कबूल किया कि उसने प्रतापनगर, सांगानेर, सांगानेर सदर इलाके से अन्य 5 और दुपहिया वाहनों की चोरी की है।

## स्मैक तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** कानोता पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर सेड़ा सांसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 7 ग्राम 33 मिलीग्राम स्मैक और बिक्री राशि 85 हजार 620 रुपए जब्त किए हैं। पुलिस उपायुक्त पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कानोता थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए आरोपित सेडा सांसी निवासी हरड़ी रोड कानोता को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी सेडा सांसी काफी समय से स्मैक बैच रहा है। जिसमें छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर ग्राहकों को 250 रुपए प्रति पुड़िया बेचता है। पुलिस आरोपित से खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।